चेतना विचारधारा
लखनऊ
30/05/2018

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार /Govt. of India
हाल सं० 01, प्रथम तल/Hall No. 01, First Flour
केन्द्रीय भवन, अलीगंज/Kendriya Bhawan, Aliganj
लखनऊ/Lucknow-226024

# सुरक्षाबलों ने 4 साल में 619 आतंकी मारे, घुसपैठ में आई कमी:राजनाथ

विचारधारा समाचार सेवा



लखनऊ। गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने केंद्र सरकार के चार साल पूरे होने के मौके पर मंगलवार को मंत्रालय से जुड़ी उपलब्धियां बताईं। उन्होंने बताया कि 4 साल के कार्यकाल में सुरक्षाबलों ने 619 आतंकियों को मार गिराया। वहीं, पिछली सरकार में यह आंकड़ा 471 था। राजनाथ सिंह ने कहा, उनकी सरकार में पूर्वोत्तर से घुसपैठ थमी है। पिछले 2 दशकों में यहां से होने वाली घुसपैठ की घटनाओं में 85 फीसदी तक की कमी आई है। राजनाथ एक दिन के दौरे पर लखनऊ पहुंचे थे। यहां उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

जवानों की शहादत को लेकर गृहमंत्री ने कहा यह सही है कि आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान हमारे जवान शहीद हुए हैं। जवानों की शहादत की कीमत पैसों से नहीं लगाई जा सकती। हालांकि, हमने शहीद जवानों के परिवार को दी जाने वाली आर्थिक मदद 50 लाख रुपए से बढ़ाकर एक करोड़ रुपए कर दी है। उन्होंने कहा कि आतंकी घटनाओं में जवानों और नागरिकों की मौतों की संख्या में 1997 के मुकाबले 2017 में 96 फीसदी की कमी आई है। सिंह ने कहा कश्मीर में आतंकियों के साथ सीजफायर नहीं हुआ है। केवल रमजान के दौरान हमने ऑपरेशन बंद किया है। राजनाथ सिंह ने योगी आदित्यनाथ की तारीफ की। उन्होंने कहा योगी जी ने पूरी ईमानदारी और साफ नीयत के साथ काम किया। उन्होंने यहां विकास और सुशासन की जमीन तैयार करने की पूरी कोशिश की है। यहां योगी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के बनने के बाद से गुंडे-बदमाशों में दहशत बनी है।

राष्ट्रीय स्वरूप
लखनऊ
30/05/2018

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार, /Govt. of India
हाल सं० 01, प्रथम तल/Hall No. 01, First Floor
केन्द्रीय भवन, अलीगंज/Kendriya Bhawan, Aliganj
लखनऊ/Lucknow-226024

# देश की सीमाओं पर नये तकनीक के राडार लगाए जाएंगे : राजनाथ

## जम्मू कश्मीर में चार वर्षों में मारे गये 619 आतंकवादी

लखनऊ (वरिष्ठ संवाददाता)। गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को मोदी सरकार की चार साल की उपलब्धियों का बखान करते हुये कहा कि सरकार पिछले चार वर्षों के दौरान आंतरिक और वाहय चुनौतियों से निपटने में कामयाब रही है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों 2014-2017 के बीच जम्मू एवं कश्मीर में 619 आतंकवादी मारे गये हैं। लखनऊ स्थित लोकभवन में मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए राजनाथ ने कहा यदि हम पिछली सरकार के अंतिम चार साल और वर्तमान सरकार के पहले चार साल की तुलना करें तो आपको लगेगा कि सरकार ने देश की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नही किया है। उन्होने कहा वर्ष 2014-2017 के बीच पिछले चार वर्षों में आतंकवादी घटनाओं में कुल 619 आतंकवादी मारे गये (शेष पेज 11 पर)



### देश की सीमाओं ...

हैं, जबकि पिछले सरकार के अंतिम चार वर्षों में यह आंकडा केवल 471 था। गृहमंत्री से जब यह सवाल पूछा गया कि पिछले चार वर्षों में आतंकवादी घटनाओं में कितने जवान शहीद हुये, इस पर उन्होंने कहा हम इस बात से इंकार नही कर सकते कि आतंकवादी घटनाओं में जवान शहीद नही हुई है। लेकिन हमारी सरकार बनने के बाद हमने जवानों की शहादत के बाद मिलने वाली आर्थिक सहायता 50 लाख रूपये से बढाकर एक करोड रूपये करने का काम किया। हालांकि जवानों की शहादत की कीमत पैसे से नही लगायी जा सकती। श्री सिंह ने पूर्वोत्तर में हो रही हिंसा और नक्सलवाद का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार बनने के बाद से ही पूर्वोत्तर में घुसपैठ की घटनाओं में काफी कमी आयी है। राजनाथ ने कहा वर्ष 1997 से लेकर 2017 तक की बात करें तो हम देखते हैं कि पिछले दो दशक में पूर्वोत्तर में घुसपैठ की घटनाओं में 85 फीसदी कमी आयी है। लखनऊ से सांसद व गृहमंत्री राजनाथ ने नक्सलवाद को लेकर कहा कि पिछली सरकार और वर्तमान सरकार की चार वर्षों की तुलना की जाए तो पिछली सरकार के अंतिम चार साल में कुल 2418 नक्सली घटनायें हुईं जबकि वर्तमान सरकार के पहले चार वर्षों में यह घटकर 1481 तक पहुंच गयी है। राजनाथ ने कहा कि वर्ष 2013 में नक्सलवाद देश के 76 जिलों में फैला था लेकिन पिछले चार वर्षों में यह 58 जिलों तक ही सीमित रह गया है। इससे पूर्व उन्होंने यह साफ किया कि जम्मू कश्मीर में सरकार की तरफ से किसी तरह के सीजफायर की घोषणा नही की गयी है। रमजान के पवित्र महीने को देखते हुये केवल ससपेंशन ऑफ ऑपरेशन किया गया था। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा सरकार की तरफ से ससपेंशन ऑफ ऑपरेशन था, न कि सीजफायर। आतंकवादी घटना होने पर सेना के हाथ नही बंधे हैं। जरूरत पड़ने पर हर आतंकवादी हमले का मुहतोड़ जवाब दिया जाएगा। राजनाथ ने कहा कि देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए केंद्र सरकार की तरफ से कंप्रीहेंसिव बार्डर सिक्योरिटी सिस्टम की शुरूआत की जा रही है। इसके तहत देश की सीमाओं पर नये तकनीक के राडार लगाए जाएंगे। सीमा पर फ्लड लाइटस का भी इस्तेमाल किया जाएगा ताकि आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठाकर देश की सीमा में न प्रवेश कर पायें।

आज
लखनऊ
30/05/2018

# मोदी सरकार के चार साल बेमिसाल

(आज समाचार सेवा)

लखनऊ, 29 मई। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के चार साल पूरे होने पर गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने रिपोर्ट पेश कर कहा कि बेहद शानदार और बेमिसाल हैं हमारी सरकार की उपलब्धियां। यह हम इस लिये नहीं कह रहे कि हमारी सरकार है अपितु पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी के प्रयास से भारत की अर्थव्यवस्था टॉप टेन में शामिल हो गयी थी, जो आज टॉप 'सेविन' में शामिल है। दुनि के बड़े अर्थशास्त्री मानते हैं कि जल्दी ही भारत की अर्थव्यवस्था विश्व के टॉप थ्री देशों में गिनी जायेगी। भारत करेंट एकाउन्ट डेफिसिट से करेंट एकाउंट सरप्लस में आ गया है। उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रूड ऑयल की कीमतों में इजाफा होने और डालर का मूल्य बढ़ने से चुनौती जरूर है, किंतु इसका समाधान सरकार निकाल लेगी कोई संकट की स्थिति नहीं आने वाली है। गृहमंत्री ने कहा कि मोबाइल क्रांति के जनक भी अटल जी रहे हैं। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी ने आधार और मोबाइल को डाइरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) से जोड़कर स्थिति को और बेहतर बनाया है। अब लीकेज



की गुंजाइश खत्म हो गयी है। श्री सिंह ने दावा किया कि यूपीए सरकार के चार वर्षों और मोदी सरकार के चार वर्षों की तुलना करें

## जल्दी ही 'टॉप थ्री' में शामिल होगी भारत की अर्थव्यवस्था-राजनाथ

तो दोगुनी से ज्यादा गति से सड़कें बना रहे हैं। यूपी सरकार १२ किमी रोजाना सड़क बनाती थी तो हमारा एवरेज २७ किमी प्रतिदिन का है। रूरल रोड कनेक्टिविटी को अहम विषय बताते हुये गृहमंत्री ने कहा कि जब हमें सरकार मिली तो केवल ५६ फीसदी रोड कनेक्टीविटी थी जो अब बढ़ गयी है। आज ८२ फीसदी गांव सम्पर्क मार्गों के जरिये सड़क से सीधे जुड़े हैं। हमारा मानना है कि गांव धनवान नहीं होंगे तो देश धनवान नहीं हो सकता। इस लिये गांवों को मूलभूत सुविधायें मुहैया करानी ही होगी। खुद किसान हूं, इस लिये किसानों की समस्याओं से वाकिफ हूं। किसान हमारी सरकार की प्राथमिकता मे हैं। पीएम ने कई बार कहा है कि २०२२ तक किसानों की आप दोगुनी कर देंगे। इसके लिये एमएसपी बढ़ाकर, सिंचाई सुविधायें बढ़ाकर और इनपुट कास्ट (लागत) घटाकर किसानों की आमदनी दोगुनी करने की योजना है। रूरल इकोनॉमी में फर्स्ट टाइम अभूतपूर्व इजाफा हुआ है एक बात और चार वर्षों में किसी मंत्री के दामन पर दाग नहीं है। विपक्षी कहते हैं कि आर्थिक अपराधी भाग रहे हैं, इसमें पिछली सरकारें भी दोषी हैं। बेनामी सम्पत्तियों पर पुराने कानून का नोटिफिकेशन नहीं हुआ था, जिसे हमारी सरकार ने किया। आज झोपड़ी में रहने वाला व्यक्ति भी पांच लाख तक का इलाज करा सकता है वह भी फ्री और बड़े अस्पताल में यूपी सरकार की बाबत कहा कि योगी आदित्यनाथ ने ईमानदारी का वातावरण बनाया और गुण्डे-माफियाओं में दहशत है। श्री सिंह ने कहा ( **बाकी 11 पर** )

## मोदी सरकार के चार

कि आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारे पास है, इसमें हम सफल हुये हैं।
आर्म्ड फार्सेस स्पेशल पॉवर एक्ट को मेघालय में वापस लिया, अरूणाचल में
आंशिक रूप से विड्रा किया है। नक्सलवाद में कमी आयी। यह ७५ जिलों से
घटकर ५८ जिलों में सिमटा है। हिंसा की वारदातें भी कम हुई। कश्मीर में
२०१०-१३ की तुलना में ज्यादा आतंकी मारे हैं। हमारे जवान शहीद हुये हैं किंतु
उनकी बहादुरी बेमिसाल है। हमने शहीदों के परिजनों को आर्थिक सहायता
राशि बढ़ायी है। अब एक करोड़ से कम किसी भी शहीद के परिजनों को नहीं
मिलेंगे। कंप्रेहैंसिव बार्डर मैनेजमेंट सिस्टम के तहत अवैध प्रवेश की जानकारी
कमाण्डेंट कैंप को तुरंत मिल सकेगी। डिजास्टर मैनेजमेंट में अब ३२००० करोड़
राज्यों को सहयोग राशि दे रहे हैं। १५९ देशों में ई-बीजा लागू है।

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार /Govt. of India
हाल सं० 01, प्रथम तल/Hall No. 01, First Floor
केन्द्रीय भवन, अलीगंज/Kendriya Bhawan, Aliganj
लखनऊ/Lucknow-226024

दि टाइम्स आफ इन्डिया
लखनऊ
30.5.18

# Rajnath invokes Atal, counters Oppn over recent bank frauds

## 'India Is Most Attractive For Investment Now'

Rohan.Dua@timesgroup.com

**Lucknow:** At an elaborate event to mark completion of fourth year of NDA government, Union home minister Rajnath Singh on Tuesday took the opportunity to heap praises on former PM Atal Bihari Vajpayee as one of the party's architects to lay the foundation of economic progress story witnessed during the current NDA regime.

Vajpayee was a five-time MP from Lucknow between 1991 to 2004, while Rajnath was elected as MP here for the first time in 2014.

"There was a time when our GDP could not go beyond 2-3%. I don't have any hesitation to admit and place on record that it was PM Atal Bihari Vajpayee, a local man from Lucknow, who introduced the world to India's economic and development potential. He made the effort to take the GDP to 8% and then bring India in top 10 countries on economic parameters. We then slumped. I am glad that today we are back and now among top seven countries," Singh told reporters at Lok Bhawan in Lucknow.

Apart from Singh, UP chief minister Yogi Adityanath and BJP state president Mahendra Nath Pandey attended the event.

Singh, however, was harsh on the Congress and Opposition parties, saying none of them ever bothered to amend the Benami Transactions Act, 1988 and had lost moral right to question the NDA on the recent bank frauds involving Nirav Modi and Mehul Choksi.

"Some of the Opposition leaders keep asking us questions on recent offences. But I want to ask them what did they do in last 28 years. It was we who established adjudicating authorities, tribunal to confiscate benami transactions and properties," Singh said.

Saying that while India has more than 400 billion dollar reserves today and India has attracted more than 156 billion dollar foreign direct investment recently following NDA's aggressive policy, he yet again underlined Vajpayee's efforts on the "mobile revolution".

"We made 27 kilometre of highways as compared to 12 kilometre of highways in Congress regime. And even this idea was largely the brainchild of Atalji," he said.

"India is the most attractive destination for investment today. What has happened in manufacturing is visible to everyone. There were just two factories till four years ago. Now we have 120. But then again, Atalji was the founder and architect of the mobile revolution. And our Prime Minister Narendra Modi, with his JAM (Jan dhan yojana, Aadhaar and Mobile) approach, has brought huge progress to India," Singh said.

Manoj Chhabra



**LOOKING BACK:** Union home minister Rajnath Singh and CM Yogi Adityanath at an event to mark the completion of 4th year of NDA government

> **I don't have any hesitation to admit and place on record that it was PM Atal Bihari Vajpayee, a local man from Lucknow, who introduced the world to India's economic and development potential**
>
> **RAJNATH SINGH**
> Union home minister

कैनविज टाइम्स
लखनऊ
30/05/2018

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार, /Govt. of India
हाल सं० 01, प्रथम तल/Hall No. 01, First Floor
केन्द्रीय भवन, अलीगंज/Kendriya Bhawan, Aliganj
लखनऊ/Lucknow-226024

## पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक क्षेत्र में काफी बेहतर काम कर रही है सरकार : राजनाथ

# 2022 तक किसानों की आय दोगुनी कर देंगे

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के चार वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आज गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में मीडिया को संबोधित किया। लखनऊ के लोकभवन में उनके साथ प्रेस कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भाजपा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र नाथ पाण्डेय भी थे।

केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने मोदी सरकार की चार वर्षों की उपलब्धियां गिनाई लेकिन अटल बिहारी वाजपेई को याद करना नहीं भूले । उन्होंने कहा अटल बिहारी ने देश को अर्थव्यवस्था के मामले में दुनिया में मजबूती दी और मोदी जी ने टॉप 7 में लाकर खड़ा कर दिया। उन्होंने कश्मीर सीमा पर सीजफायर के सवाल पर कहा कि हमने जवानों के हाथ नहीं बांध रखे हैं, अगर कोई आतंकी हमला होगा तो मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। अभी पांच आतंकी मारे गए। उन्होंने मोदी सरकार की ढेर सारी उपलब्धियां गिनाई और विधायकों के धमकी के मामले में कहा कि पता चल गया है। पाकिस्तान से यह धमकी मिल रही थी। राजनाथ ने यहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा, 'मैं स्वीकार करता हूं कि कच्चे तेल और डॉलर के रेट बढ़ने से दिक्कतें आई हैं ... पर हमें इससे कोई दिक्कत नहीं आएगी क्योंकि हमारे पास विदेशी मुद्रा का पर्याप्त स्टॉक है।' उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (बुनियादी ढांचा विकास) के मामले में एक तथ्य यह है कि यूपीए-2 सरकार के आखिरी चार साल में औसतन 12 किमी हाईवे रोज बनते थे, लेकिन हमारी सरकार के चार साल में प्रतिदिन औसतन 27 किमी राजमार्ग निर्माण का काम हो रहा है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक ताकत पहले से बहुत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यह

### आश्वासन

- पेट्रोल-डीजल की कीमतों को जल्द ही कम करेगी सरकार

मैं स्वीकार करता हूं कि क्रूड ऑयल और डॉलर के रेट बढ़ने से दिक्कते आई हैं पर हमें इससे कोई दिक्कत नही आएगी क्योकि हमारे पास विदेशी मुद्रा का स्टॉक है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आर्थिक क्षेत्र में काफी बेहतर काम कर रही है। हमको भरोसा है कि 2022 आते आते हम देश के किसानों की आमदनी दुगनी कर देंगे। उन्होंने कहा कि निवेश के लिए दुनिया में अगर सबसे अट्रैक्टिव देश कोई बना है तो वह भारत है।

अब तो दुनिया के अर्थशास्त्रियों ने भी माना है कि जिस रफ्तार से भारत की अर्थव्यवस्था तेजी के साथ आगे बढ़ रही है, यदि ऐसे ही बढ़ती रही तो इस संभावना को नकारा नहीं जा सकता कि आगामी कुछ वर्षों के अंदर भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की टॉप तीन इकोनॉमी में आकर खड़ी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि देश को टॉप 10 अर्थव्यवस्थाओं में लाने का काम अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार ने किया था। अब दुनिया की टॉप सात अर्थव्यवस्थाओं में देश को पहुंचाने का काम केंद्र सरकार की नरेंद्र मोदी सरकार ने चार साल में किया है।

उन्होंने कहा कि आपने पहले भी सरकारों को काम करते हुए देखा है और चार वर्ष से आप नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को भी देख रहे हैं। हमने हर साल अपने कामकाज का ● शेष पेज 11 पर

अमर उजाला
लखनऊ
30/05/2018

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार /Govt. of India
हाल सं० 01, प्रथम तल/Hall No. 01, First Flour
केन्द्रीय भवन, अलीगंज/Kendriya Bhawan, Aliganj
लखनऊ/Lucknow-226024

# जल्द ही काबू में होंगी तेल कीमतें : राजनाथ

## गृहमंत्री ने कहा, कच्चे तेल व डॉलर की कीमत बढ़ने से दिक्कत, पर चिंता की बात नहीं, पर्याप्त है विदेशी मुद्रा भंडार

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जल्द ही पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण पा लिया जाएगा। इसके उपायों पर केंद्र सरकार संजीदगी से विचार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल व डॉलर की बढ़ी कीमत से यह स्थिति पैदा हुई है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। हमारे पास 400 बिलियन डॉलर का विशाल विदेशी मुद्रा भंडार उपलब्ध है।

राजनाथ मंगलवार को लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्रनाथ पांडेय की मौजूदगी में केंद्र सरकार की 4 साल की उपलब्धियां मीडिया को बता रहे थे। उन्होंने कहा, अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने जीडीपी को 3% से बढ़ाकर 8% कर दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में टॉप-7 में शामिल हो चुकी है। चालू वित्त वर्ष में ही यह टॉप-5 में शामिल हो जाएगी। विकास की यही रफ्तार रही तो कुछ ही वर्षों में हमारी अर्थव्यवस्था टॉप-3 में होगी।

गृहमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में वित्तीय घाटा पूरी तरह से काबू में है। डॉलर और कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से चालू खाता घाटा पर कुछ दबाव महसूस किया जा रहा है, पर जल्द ही हम इससे बाहर निकल आएंगे। भारत आज दुनिया के निवेशकों के लिए आकर्षण केंद्र बना हुआ है। 20 करोड़ उपभोक्ताओं के खातों में डीबीटी के माध्यम से 69815 करोड़ रुपये की सब्सिडी भेजी गई है। 431 स्कीमों के तहत 3 लाख 66 हजार करोड़ रुपये सीधे लोगों के खातों में भेजे गए। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के आखिरी चार साल में प्रतिदिन 12 किलोमीटर हाईवे बन रहे थे, जबकि हम 27 किलोमीटर बना रहे हैं। यूपीए के कार्यकाल में 56 फीसदी गांव ही संपर्क मार्गों से जुड़े थे, जिनकी संख्या आज बढ़कर 82 फीसदी को पार कर चुकी है।

**एसडीआरएफ के लिए दिए 32 हजार करोड़ :** राजनाथ ने कहा कि स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फंड (एसडीआरएफ) के तहत राज्यों को दी जाने वाली राशि 20 हजार करोड़ से बढ़ाकर 32 हजार करोड़ रुपये कर दी। 165 देशों में ई-वीजा की सुविधा दे दी है, जिससे भारत में पर्यटकों की संख्या काफी बढ़ी है। केंद्र व राज्य संबंधों पर सरकारिया कमीशन और पुंछी कमीशन की सिफारिशों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। शत्रु संपत्ति एक्ट बनाकर एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कब्जे में ली गई।

**आरक्षण पर कमेटी देगी अपनी सिफारिश :** राजनाथ ने कहा कि दलितों और पिछड़ों को आरक्षण के मामले में कमेटी बनाई गई है, जो अध्ययन के बाद अपनी सिफारिशें देगी। उनसे अति दलितों और अति पिछड़ों को लेकर एक सवाल पूछा गया था।



लोकभवन में मीडिया से मुखातिब केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह। साथ में मौजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### केंद्र सरकार की चार साल की उपलब्धियां बताईं

**कहा-अटल के सपने को आगे बढ़ा रहे प्रधानमंत्री मोदी**

### योगी राज में गुंडे-बदमाशों में दहशत

राजनाथ ने कहा, सीएम योगी आदित्यनाथ पूरी ईमानदारी के साथ साफ नीयत से काम कर रहे हैं। विकास और सुशासन की जमीन तैयार हो चुकी है। योगी राज में गुंडे-बदमाशों में दहशत पैदा हुई है।

### क्या कांग्रेस के जमाने में नहीं भागे आर्थिक अपराधी

राजनाथ ने कहा, मोदी सरकार के किसी भी मंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि आर्थिक अपराधी विदेश भाग गए, लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि क्या कांग्रेस के शासनकाल में आर्थिक अपराधी बाहर नहीं भागे थे। 28 साल से बेनामी संपत्ति कानून लटका हुआ था, हमारी सरकार ने नोटिफिकेशन जारी किया। आर्थिक अपराधियों की संपत्ति जब्त करने के लिए कानून लाए। अब न सिर्फ देश में, बल्कि विदेश में भी उनकी संपत्ति जब्त करने के लिए कार्यवाही आगे बढ़ा सकेंगे।

### देश के आंतरिक हालात में सुधार

राजनाथ ने कहा कि पूर्वोत्तर में 2013 से 2018 के बीच आतंकी घटनाओं में 85 फीसदी और हत्याओं में 96 फीसदी की कमी आई है। माओवादी उग्रवाद भी 76 जिलों से सिमटकर 58 जिलों में रह गया है। माओवादी घटनाओं में 36% और मौतों में 53.5 फीसदी की कमी आई है। कश्मीर में जहां वर्ष 2010-2013 तक 471 आतंकी मारे गए थे, वहीं 2014-2017 के बीच 619 आतंकी मारे गए। क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) प्रदेश के सभी जिलों में स्थापित किया जा चुका है। सीमा पर सुरक्षा के उपाय किए जा रहे हैं।

### बातचीत को तैयार, पर युद्धविराम नहीं

राजनाथ ने कहा कि कश्मीर में आतंकवादियों के साथ किसी तरह का सीजफायर नहीं है, सिर्फ रमजान को देखते हुए एक महीने के लिए ऑपरेशन को स्थगित किया गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि अगर आतंकी घटनाएं हुईं तो फोर्स हाथ बांधकर नहीं बैठी रहेगी। उन्होंने कहा कि हुर्रियत कॉन्फ्रेंस समेत जो भी समूह बात करना चाहेंगे, तो हम बातचीत के लिए तैयार हैं।

### गरीबों को 5 लाख तक का हेल्थ कवर

राजनाथ ने कहा कि गरीबों को 5 लाख रुपये तक का हेल्थ कवर दिया है। योजना लागू करने में कहीं-कहीं कुछ दिक्कतें सामने आ रही हैं, जिन्हें दूर कर लिया जाएगा। मुद्रा योजना के तहत रोजगार के लिए 13 करोड़ लोगों को लोन दिया गया है।

**कश्मीरी पंडितों के बसाने के लिए देख रहे जगह :** एक सवाल के जवाब में गृहमंत्री ने कहा कि कश्मीरी पंडितों को कश्मीर में बसाने के लिए वहां की सरकार से बात की गई है। जगह भी देख ली गई थी, पर कश्मीरी पंडितों ने किसी और जगह का सुझाव दिया, जिस पर भी विचार किया जा रहा है।

### बीस साल बाद वीवीआईपी गेस्ट हाउस में रुके राजनाथ

गृहमंत्री राजनाथ सिंह करीब 20 साल बाद मंगलवार को वीवीआईपी गेस्ट हाउस के कमरा नंबर 108 में कुछ घंटों के लिए रुके। यहां आए लोगों से गृहमंत्री ने मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानीं। इस दौरान किसी ने अगली बार आने पर क्षेत्र में आने का न्यौता दिया तो कुछ ने अपने कार्यक्रम में पहुंचने के लिए उनसे समय मांगा। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र के विकास कार्यों का फीडबैक भी लिया। इसके बाद शाम 5.30 बजे दिल्ली लौट गए। इससे पूर्व वह आमतौर पर कालिदास मार्ग के 4 नंबर बंगले में रुकते थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उन्होंने उसे हाल ही में खाली कर दिया है।

---

**न्यूज डायरी**

### जल्द काबू में होगी पेट्रोल डीजल की कीमत : राजनाथ



लखनऊ। केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों पर जल्द ही काबू पा लिया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार संजीदगी से विचार कर रही है।

05

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार, /Govt. of India
हाल सं० 01, प्रथम तल/Hall No. 01, First Floor
केन्द्रीय भवन, अलीगंज/Kendriya Bhawan, Aliganj
लखनऊ/Lucknow-226024



**आज का दिन** 1087 ईस्वी जर्मनी के सम्राट हेनरी चतुर्थ ने अपने बेटे कोनार्ड को गद्दी सौंपी।

• केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा-सरकार तेल के दाम कम करने का प्रयास कर रही • हर आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा

# कश्मीर में सेना के हाथ नहीं बंधे हैं : राजनाथ

**खरी-खरी**

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि रमजान के दिनों में कश्मीर में 'सीजफायर' नहीं है और आतंकवादी घटना होने पर सेना के हाथ नहीं बंधे हैं। हां, 'सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन' (कार्रवाई कुछ समय के लिए रोकना)है...।

जरूरत पड़ने पर हर आतंकवादी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कश्मीर मसले पर बातचीत से कोई परहेज़ नहीं है।

राजनाथ सिंह ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र नाथ पांडेय के साथ लोकभवन में प्रेस कांफ्रेंस कर अपनी सरकार के चार साल के काम का रिपोर्ट कार्ड पेश किया।

राजनाथ ने यह बात कश्मीर में रमजान के दौरान संघर्ष विराम घोषित करने के बावजूद वहां आतंकी घटनाएं होने संबंधी सवाल पर कहीं। पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों पर उन्होंने कहा कि डॉलर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के कीमते बढ़ने के कारण दाम बढ़े हैं लेकिन मोदी सरकार पेट्रोलियम उत्पाद की कीमतों को कम करने की कोशिश कर रही है।

राजनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की तारीफ करते हुए उन्हें हाईवे व मोबाइल क्रांति का श्रेय दिया और कहा कि मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चार साल में इसे और आगे बढ़ाया।

उन्होंने कहा अटल बिहारी ने देश को अर्थव्यवस्था के मामले में दुनिया में मजबूती दी और पीएम नरेंद्र मोदी ने टॉप 7 में लाकर खड़ा कर दिया। एक सवाल पर राजनाथ ने कहा कि सीमा पर हमारे जवान भी शहीद हुए ये छिपाने की बात नहीं है।

देश के लिए उन्होंने जो किया उसकी जितनी तारीफ की जाए कम है। गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार ने सीआरपीएफ शहीदों को दी जाने वाली राशि बढ़ाई है, 12 साल की बच्ची तक से कोई रेप करने पर मौत की सजा का प्रावधान भी हमने किया।




केंद्रीय गृहमंत्री ने मंगलवार को केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताईं

## आरक्षण संबंधी समिति की रिपोर्ट जल्द

केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि अति दलितों व अति पिछड़ों को अलग से आरक्षण देने के लिए जस्टिस रोहणी की कमेटी विचार कर रही है। जल्द इसकी रिपोर्ट केंद्र सरकार को दी जाएगी।

## सीएम योगी की तारीफ की

राजनाथ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने पूरी ईमानदारी और साफ नीयत के साथ काम किया। विकास व सुशासन की जमीन तैयार करने की कोशिश की है। बेशक कानून-व्यवस्था के बारे में बहस हो सकती लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली यूपी सरकार के राज में गुंडे-बदमाशों के दिल में दहशत कायम हो गई है।

**07**
वें नंबर पर पीएम मोदी ने देश को लाकर खड़ा कर दिया

**12**
साल की बच्ची तक से कोई रेप करने पर मौत की सजा का प्रावधान भी हमने किया

**156**
बिलियन डॉलर की एफडीआई भारत में हुई है

**400**
मिलियन डॉलर से अधिक है विदेशी मुद्रा का भंडार

**आश्वासन**

## मोदी सरकार के किसी मंत्री पर दाग नहीं

राजनाथ ने कहा कि हमारी सरकार के किसी मंत्री के दामन पर भ्रष्टाचार का दाग नहीं लगा। आर्थिक अपराधियों के देश छोड़कर भागने के सवाल पर उन्होंने कहा, क्या कांग्रेस की सरकार रहते लोग नहीं भागे। हमने ऐसा कानून बनाया है कि हम विदेशों में भी आर्थिक अपराधी की संपत्ति जब्त कर लेंगे। उन्होंने कहा कि 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी होगी।

## मजबूत है देश की अर्थव्यवस्था

गृह मंत्री ने कहा कि इस संभावना को नकारा नहीं जा सकता कि आगामी कुछ वर्षों के अंदर भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की टॉप तीन इकोनॉमी में आकर खड़ी हो जाएगी। फिसिकल डेफिसिट पूरी तरह से नियंत्रण में हैं। देश में विदेशी मुद्रा का भंडार करीब 400 मिलियन डॉलर से अधिक है। करीब 156 बिलियन डॉलर की एफडीआई भारत में हुई है।

**खुलासा**

## पाकिस्तान से धमकी

एक सवाल पर केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि विधायकों के धमकी के मामले में पता चल गया है। पाकिस्तान से यह धमकी मिल रही थी। अति दलितों व अति पिछड़ों को अलग से आरक्षण दिए जाने के सवाल पर कहा कि इसके लिए केंद्र सरकार ने समिति बनाई है।

**यह भी बोले**

- देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए कॉम्प्रीहेंसिव बॉर्डर सिक्योरिटी सिस्टम (व्यापक सीमा सुरक्षा प्रणाली) की शुरुआत हो रही है। सीमाओं पर नई तकनीक के राडार लगाए जाएंगे।
- हमारी सरकार के चार साल में रोजाना औसतन 27 किमी हाईवे बन रहे हैं